# उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड
## सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ
क्षेत्रीय कार्यालय, दून विश्वविद्यालय परिसर, देहरादून– 248012

E-Mail- ukheictcell@gmail.com

पत्रांकः 387 / 20(वेबसाइट) / 2025–26, देहरादून।                                        दिनांकः 8 अप्रैल, 2025

सेवा में,

1. माननीय कुलपति / कुलसचिव
   समस्त विश्वविद्यालय
   उत्तराखण्ड।

2. प्राचार्य / प्राचार्या
   समस्त महाविद्यालय
   उत्तराखण्ड।

विषय : कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गई "मेरी योजना प्रथम एवं द्वितीय संस्करण" तथा मेरी योजना केन्द्र सरकार प्रथम संस्करण पुस्तक को विभागीय वेबसाइट में अपलोड करने विषयक।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्रांक 47 / 44 / XXIV-A-1 / 2024 दिनांक 10 फरवरी, 2025, 83 / 44 / XXIV-A-1 / 2024 दिनांक 04 मार्च, 2025, 90 / 44 / XXIV-A-1 / 2024 दिनांक 06 मार्च, 2025 तथा मुख्य सचिव उत्तराखण्ड के पत्रांक 91 / 44 / XXIV-A-1 / 2024 दिनांक 10 मार्च, 2025 के अनुपालन में **'मेरी योजना–राज्य सरकार प्रथम और द्वितीय संस्करण तथा मेरी योजना–केन्द्र सरकार प्रथम संस्करण पुस्तक'** को अपने संस्थान की वेबसाइट में अपलोड कर संलग्न शासनादेशों के अनुरूप जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना चाहें।

सार्थक अपेक्षा सहित।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय

8/4/2025

(प्रो0 प्रमोद कुमार)
नोडल अधिकारी,
सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी
(आई0सी0टी0) प्रकोष्ठ

पृ0सं0 387(1)/ 20(वेबसाइट) 2024–25, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी, नैनीताल।

8/4/2025

(प्रो0 प्रमोद कुमार)
नोडल अधिकारी,
सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी
(आई0सी0टी0) प्रकोष्ठ

संख्या– 4744 / XXVI-A-1 / 2024

प्रेषक,

दीपक कुमार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. - आयुक्त गढ़वाल मण्डल, पौड़ी / कुमायूं मण्डल, नैनीताल।
2. - समस्त जिलाधिकारी / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक
3. - समस्त कुलपति / विभागाध्यक्ष / महानिदेशक / निदेशक / प्रबंध निदेशक / अध्यक्ष / कुलसचिव / सदस्य सचिव / बोर्ड / निगम / प्राधिकरण / विश्वविद्यालय / कॉलेज / संस्थान / अकादमी / केन्द्र / आयोग / शिक्षण संस्थान / परिषद / एजेंसी, केन्द्र, उत्तराखण्ड सरकार ।

कार्यक्रम क्रियान्वयन अनुभाग

देहरादून, दिनांकः 10 फरवरी, 2025

**विषयः– कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी "मेरी योजना" राज्य सरकार द्वितीय संस्करण पुस्तक को अपने विभाग एवं अधीनस्थ कार्यालयों की वैबसाइट में अपलोड करने विषयक ।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा राज्य में, गत वर्ष 2023 में **"मेरी योजना" नामक पुस्तक के प्रथम संस्करण का विमोचन किया गया था, जिसकी पीडीएफ प्रति आपके विभागों द्वारा पूर्व में अपनी–अपनी वैबसाइट में अपलोड की गयी है। वर्तमान में विभाग द्वारा उक्त पुस्तक के द्वितीय संस्करण को तैयार किया गया, जिसका मा0 मुख्यमंत्रीजी द्वारा 19.12.2024 को विमोचन किया गया है। संबंधित पुस्तक में, नवीन योजनाओं / सेवाओं का विवरण तथा पूर्व पुस्तक में जो सेवाएं / योजनाएं छूट गयी थी, का विवरण उल्लेखित किया गया है।** उक्त पुस्तक राज्य के सभी विभागों तथा विभागों के अधीन समस्त कार्यालयों की वैबसाइट / पोर्टल के प्रथम पृष्ठ तथा ई–लाइब्रेरी पर अपलोड किये जाने के निर्देश मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये हैं ताकि राज्य का प्रत्येक नागरिक उक्त पुस्तक, किसी भी विभाग की वैबसाइट से डाउनलोड कर पढ सके।

2. "मेरी योजना" पुस्तक का मूल उददेश्य–योजनाओं का लाभ, लाभार्थी कैसे प्राप्त कर सकता है, की पूरी प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लेख सरल भाषा में किया गया है, संबंधित पुस्तक के प्रारूप को मुख्यतः **4** भागों में अंकित किया गया है–**(योजना का नाम क्या है, योजना का लाभ क्या है, योजना का लाभ कौन व्यक्ति ले सकते हैं / योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कौन व्यक्ति पात्र हैं** एवं **योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन कहां / कैसे करना होगा, किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी एवं आवेदन करने के उपरांत कैसे चयन किया जाता है तथा कैसे लाभ, लाभार्थी को मिलता है)**, ताकि राज्य के वंचित पात्र लाभार्थियों को समस्त योजनाओं का संकलन एक ही पुस्तक से प्राप्त हो सके एवं पुस्तक पढकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया को जानकर, पात्र लाभार्थी, लाभ प्राप्त कर सकें।

अतः उक्त संबंध मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया **"मेरी योजना" राज्य सरकार द्वितीय संस्करण** पुस्तक के पीडीएफ फार्मेट को, जिसको वैबसाइट www.uk.gov.in के लिंक (https://uk.gov.in/department92/library_file/file-30-01-2025-04-25-16.pdf) से डाउनलोड कर सकते हैं, को डाउनलोड कर, अपने विभागों तथा समस्त अधीनस्थ कार्यालयों / बोर्ड / निगम / एजेंसी / प्राधिकरण / विश्वविद्यालय / कॉलेज / संस्थान / केन्द्र / आयोग / परिषद आदि की वैबसाइट / पोर्टल तथा विश्वविद्यालयों की ई–लाइब्रेरी में **"मेरी योजना–राज्य सरकार द्वितीय संस्करण पुस्तक"** लिखकर, अपलोड करने के साथ ही वैबसाइट / पोर्टल पर RGB colour में उक्त लाइन का marquee>Tag भी बनाते हुए सूचना ईमेल sopi-1@uk.gov.in पर अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
Deepak Kumar
Date: 06-02-2025 19:34:59

(दीपक कुमार)
सचिव ।

पृष्ठांकन 47/44/XXVI-A-1/2024 तददिनांक ।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव–मा० मुख्यमंत्रीजी, उत्तराखण्ड शासन को मा० मुख्यमंत्री जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. स्टॉफ ऑफिसर–मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदया के संज्ञानार्थ प्रेषित।
3. समस्त निजी सचिव–अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव उत्तराखण्ड शासन को समस्त विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव महोदय के संज्ञानार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त 'मेरी योजना' राज्य सरकार द्वितीय संस्करण पुस्तक के पीडीएफ फार्मेट को अपने विभागों तथा विभागों के अधीन समस्त राजकीय कार्यालयों/बोर्ड/निगम/प्राधिकरण/विश्वविद्यालय/ कॉलेज/संस्थान/केन्द्र/आयोग/परिषद आदि की वैबसाइट/ पोर्टल तथा विश्वविद्यालयों की ई–लाइब्रेरी पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

संख्या–83/44/XXVI-A-1/2024

प्रेषक,

दीपक कुमार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त कुलपति/विभागाध्यक्ष/महानिदेशक/निदेशक/प्रबंध निदेशक/अध्यक्ष/कुलसचिव/सदस्य सचिव/बोर्ड/निगम/प्राधिकरण/विश्वविद्यालय/ कॉलेज/ संस्थान/ अकादमी/केन्द्र/आयोग/शिक्षण संस्थान/परिषद/एजेंसी, केन्द्र, उत्तराखण्ड राज्य में स्थापित भारत सरकार के समस्त कार्यालय।

कार्यक्रम क्रियान्वयन अनुभाग — देहरादून, दिनांकः 04 मार्च ~~फरवरी~~, 2025

**विषयः– कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी "मेरी योजना" केन्द्र सरकार प्रथम संस्करण पुस्तक को अपने विभाग एवं अधीनस्थ कार्यालयों की वैबसाइट में अपलोड करने विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा राज्य में, गत वर्ष 2023 में **"मेरी योजना"** पुस्तक का प्रथम संस्करण तथा 19.12.2024 को "मेरी योजना–राज्य सरकार" द्वितीय संस्करण का विमोचन मा0 मुख्यमंत्रीजी द्वारा किया गया, जिनमें से प्रथम संस्करण समस्त विभागों की वैबसाइट में अपलोड है तथा द्वितीय संस्करण अपलोड करने हेतु पूर्व में अनुरोध किया गया, जिसके क्रम में कई विभागों ने अपनी वैबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

2. **उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी "मेरी योजना–केन्द्र सरकार" पुस्तक के प्रथम संस्करण का दिनांक 24.02.2025 को मा0 राज्यपाल महोदय द्वारा विमोचन किया गया, जिसमें केन्द्र सरकार के उत्तराखण्ड राज्य में स्थापित प्रमुख संस्थाओं, विभागों, बोर्डो, आयोगों, ब्यूरो (यथा IIT, IIM, CBRI, IIRS, IMA, HNBGU, IGNU, NIOS, etc) की योजनाओं/सेवाओं/पाठ्यक्रमों का उल्लेख किया गया है।** संबंधित पुस्तकों को सभी विभागों तथा विभागो के अधीन समस्त कार्यालयों की वैबसाइट/पोर्टल के प्रथम पृष्ठ तथा ई–लाइब्रेरी पर अपलोड किये जाने के निर्देश मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये हैं।

3. "मेरी योजना" पुस्तकों का मूल उददेश्य–योजनाओं/सेवाओं का लाभ, लाभार्थी कैसे प्राप्त कर सकता है, की पूरी प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लेख सरल भाषा में करने का प्रयास किया गया है, संबंधित पुस्तक के प्रारूप को मुख्यतः 4 भागों में अंकित किया गया है–**(योजना का नाम क्या है, योजना का लाभ क्या है, योजना का लाभ कौन व्यक्ति ले सकते हैं/योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कौन व्यक्ति पात्र हैं एवं योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन कहां/कैसे करना होगा, किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी एवं आवेदन करने के उपरांत कैसे चयन किया जाता है तथा कैसे लाभ, लाभार्थी को मिलता है)**, ताकि वंचित पात्र लाभार्थियों को समस्त योजनाओं/सेवाओं का संकलन "मेरी योजना" पुस्तक से प्राप्त हो सके एवं पुस्तकें पढकर योजनाओं/सेवाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया को जानकर, पात्र लाभार्थी, लाभ प्राप्त कर सकें।

अतः उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया **"मेरी योजना" केन्द्र सरकार प्रथम संस्करण पुस्तक** के पीडीएफ फार्मेट को, जिसको वैबसाइट https://uk.gov.in के लिंक (https://uk.gov.in/department92/library_file/file-25-02-2025-06-08-25.pdf) से डाउनलोड कर सकते हैं, को डाउनलोड कर, अपने विभागों तथा समस्त अधीनस्थ कार्यालयों/बोर्ड/निगम/एजेंसी/प्राधिकरण/विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थान/केन्द्र/आयोग/परिषद आदि की वैबसाइट/पोर्टल तथा विश्वविद्यालयों की ई–लाइब्रेरी में **"मेरी योजना–केन्द्र सरकार प्रथम संस्करण पुस्तक"** लिखकर, अपलोड करने के साथ ही वैबसाइट/पोर्टल पर RGB colour में उक्त लाइन का marquee>Tag भी बनाते हुए सूचना ईमेल sopi-1@uk.gov.in पर अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
Deepak Kumar
Date: 03-03-2025 17:43:12

(दीपक कुमार)
सचिव ।

पृष्ठांकन /44/XXVI-A-1/2024 तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. सचिव—मा० मुख्यमंत्रीजी, उत्तराखण्ड शासन को मा० मुख्यमंत्री जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. स्टॉफ ऑफिसर—मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदया के संज्ञानार्थ प्रेषित।

आज्ञा से

(एन० एस० डुंगरियाल)
संयुक्त सचिव ।

संख्या– 90/44 / XXVI-A-1 / 2024

प्रेषक,

दीपक कुमार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त कुलपति / विभागाध्यक्ष / महानिदेशक / निदेशक / प्रबंध निदेशक / अध्यक्ष / कुलसचिव / सदस्य सचिव / बोर्ड / निगम / प्राधिकरण / विश्वविद्यालय / कॉलेज / संस्थान / अकादमी / केन्द्र / आयोग / शिक्षण संस्थान / परिषद / एजेंसी, केन्द्र, उत्तराखण्ड राज्य में स्थापित भारत सरकार के समस्त कार्यालय ।

कार्यक्रम क्रियान्वयन अनुभाग देहरादून, दिनांकः 06 मार्च, 2025

**विषयः– कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी "मेरी योजना" पुस्तकों के संबंध में जागरूकता विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0 48/XXVI-A-1 / 2024 दिनांक 10.02.2025 तथा पत्र सं0 83 / XXVI-A-1 / 2024 दिनांक 10.02.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी "मेरी योजना–राज्य सरकार" एवं "मेरी योजना–केन्द्र सरकार" पुस्तकों की पीडीएफ प्रति को अपने–अपने विभागों / संस्थाओं आदि की वैबसाइट में अपलोड कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि राज्य के समस्त विभागों एवं केन्द्र के उत्तराखण्ड में स्थापित प्रतिष्ठित संस्थाओं की समस्त योजनाओं / सेवाओं को संकलित कर विभाग द्वारा गत वर्ष 2023 में **"मेरी योजना"** गत वर्ष 2024 में **"मेरी योजना– राज्य सरकार"** तथा वर्ष 2025 में **"मेरी योजना–केन्द्र सरकार"** 03 पुस्तकें तैयार की हैं, जिनकी पीडीएफ प्रति आमजन हेतु निःशुल्क उत्तराखण्ड सरकार के पोर्टल https://uk.gov.in/pages/meri-yojna-book के लिंक में उपलब्ध हैं। संबंधित पुस्तकों को सभी विभागों तथा विभागों के अधीन समस्त कार्यालयों की वैबसाइट / पोर्टल के प्रथम पृष्ठ तथा ई–लाइब्रेरी पर अपलोड किये जाने के निर्देश मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये हैं।

अतः उक्त संबंध में मुझे पुनः यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि यदि आपके विभाग / कार्यालय / संस्थान द्वारा अद्यतन तीनों पुस्तकों को अपने विभागों / संस्थाओं की वैबसाइट में अपलोड नहीं किया है, तो कृपया उक्त लिंक से तीनों पुस्तकें डाउनलोड कर, अपने विभागों / संस्थाओं की वैबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें। साथ ही अपने विद्यार्थियों / शोधार्थियों एवं कार्यालयों में संबंधित पुस्तकों के संबंध में गोष्ठी / सेमिनार / चर्चा–परिचर्चा कर, जागरूकता फैलाने का कष्ट करें। ताकि केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं केन्द्र के प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा संचालित समस्त योजनाओं / सेवाओं की जानकारी, समस्त नागरिकों को प्राप्त हो सके एवं पात्र लाभार्थी योजनाओं / सेवाओं का आसानी से लाभ प्राप्त कर सके।

भवदीय,

Signed by
Deepak Kumar
Date: 06-03-2025 18:38:02

(दीपक कुमार)
सचिव ।

संख्या– 91 / 44 / XXVI-A-1 / 2024 (टीसी–2)

प्रेषक,

राधा रतूडी,
मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. आयुक्त,
गढवाल एवं कुमाऊं मण्डल, उत्तराखण्ड।

2. समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।

2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

कार्यक्रम क्रियान्वयन अनुभाग — देहरादून, दिनांकः 10 मार्च, 2025

**विषय : "मेरी योजना" पुस्तकों के संबंध में आमजन में जागरूकता फैलाये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा, राज्य के समस्त विभागों एवं केन्द्र के उत्तराखण्ड में स्थापित प्रतिष्ठित संस्थाओं की समस्त योजनाओं / सेवाओं को संकलित कर गत वर्ष 2023 में **"मेरी योजना"** गत वर्ष 2024 में **"मेरी योजना–राज्य सरकार"** तथा वर्ष 2025 में **"मेरी योजना–केन्द्र सरकार"** 03 पुस्तकें तैयार की हैं, जिनकी पीडीएफ प्रति आमजन हेतु निःशुल्क उत्तराखण्ड सरकार के पोर्टल https://uk.gov.in/pages/meri-yojna-book के लिंक में उपलब्ध है।

इन पुस्तकों की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें राज्य सरकार के समस्त विभागों द्वारा संचालित (राज्य पोषित / केन्द्र पोषित) मुख्य योजनाओं / सेवाओं, तथा केन्द्र के राज्य में स्थापित प्रतिष्ठित संस्थान (यथा IIT, IIM, CBRI, IIRS, IMA, HNBGU, IGNU, NIOS, etc) की योजनाओं / सेवाओं / पाठ्यक्रमों का उल्लेख सरल हिन्दी भाषा में किया गया है तथा योजना / सेवा क्या है, कौन पात्र हैं, इसका लाभ क्या है, लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या होगी आदि) का उल्लेख किया है ताकि वंचित पात्र लाभार्थी (लाभार्थी एक गरीब व्यक्ति भी है तो एक इनवेस्टर भी, एक दिव्यांग भी है तो एक खिलाडी भी, मुख्यतः सभी वर्ग, आयु, समाज से जुडे व्यक्ति) योजनाओं / सेवाओं की जानकारी इन पुस्तकों से प्राप्त कर सकें। साथ ही लाभ कैसे ले सकते हैं, की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर, आसानी से लाभ प्राप्त कर सकें।

यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग द्वारा "सरकार जनता के द्वार" के तहत ग्राम स्तर पर, जनपद स्तरीय अधिकारियों का रोस्टरवार भ्रमण कराया जाता है, जिसमें जनता की समस्याओं के समाधान पर मुख्य फोकस किया जाता है।

अतः उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया "मेरी योजना" 03 पुस्तकों के संबंध में, आमजन एवं दूरस्थ इलाकों में संबंधित जानकारी को प्रचारित / प्रसारित करने हेतु गोष्ठी / जागरूकता शिविरों का आयोजन करना सुनिश्चित करें। साथ ही जब भी कोई अधिकारी भ्रमण पर जाएं तो संबंधित पुस्तकों में उल्लेखित कम से कम एक महत्वपूर्ण योजना के संबंध में आमजन को अवश्य बताएं ताकि योजनाएं / सेवाएं वंचित पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सकें। साथ ही जनपद / विकासखण्ड / ग्राम स्तरीय अधिकारियों / कार्मिकों को योजनाओं के संबंध में प्रशिक्षित करने हेतु कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग का सहयोग लेने हेतु ईमेल आईडी sopi-1@uk.gov.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय,

(राधा रतूडी)
मुख्य सचिव